रोहतक
रविवार, 12 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 253
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 17.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## आज स्कूलों में बिजली

पहले यहां के 17% बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15% से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

## दूध उत्पादन में भारत नंबर 1

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- भारत दुनिया में दूध उत्पादन में नंबर वन हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। 2014 के मुकाबले शहद का उत्पादन भी दोगुना हुआ है। अंडे का प्रोडक्शन भी पिछले 11 सालों में दोगुना हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अन्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। पिछले 11 सालों में देश में छह बड़े फर्टीलाइजर प्लांट बनाए गए। किसानों को 2.5 करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बांटे। माइक्रो-इरीगेशन की सुविधा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंची। पीएम फसल बीमा योजना से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के क्लेम मिले।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में ग्रीन पटाखों पर 5 दिन की छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की हवा में दिवाली के दौरान फिर



पटाखों की आवाज गूंजने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने 5 दिनों के लिए पटाखे फोड़ने और बेचने की सशर्त अनुमति दे दी है। ये फैसला कई सालों बाद दिल्ली में पटाखों वाली दिवाली की वापसी का संकेत है। अदालत ने कहा कि ये सिर्फ एक ट्रायल बेसिस छूट है। *एजेंसी*

### 11 कोरोना योद्धाओं के परिवार को 1-1 करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शनिवार को कोविड



महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन गंवाने वाले 11 सरकारी कर्मियों के परिजनों को 1-1 करोड़ की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि यह केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि उन पर हमारी गहरी कृतज्ञता और विनम्र श्रद्धांजलि भी है। *एजेंसी*

### आईईडी विस्फोट में जवान की मौत

**रांची।** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में घायल हुए केंद्रीय रिजर्व



पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। अर्धसैनिक बल ने शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान आईईडी की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर (45) घायल हो गए। लस्कर को राउरकेला जाया गया, जहां तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। *एजेंसी*

## पीएम ने कृषि क्षेत्र के लिए 35440 करोड़ की दो योजनाएं शुरू की

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि, 'कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था।' पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला।

- 24000 करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना शुरू



### पिछली सरकारों ने पिछड़े जिलों को भुलाया

पीएम मोदी ने कहा- पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20% बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है।



आईपीएस सुसाइड

घटना के 5 दिन

| 7 अक्टूबर | 8 अक्टूबर | 9 अक्टूबर | 10 अक्टूबर | 11 अक्टूबर |
|---|---|---|---|---|
| आईपीएस पूरन ने घर में ही खुद को गोली मारकर आत्महत्या की | आईएएस पत्नी अमनीत जापान से लौटी, परिवार का पोस्टमार्टम से इनकार | डीजीपी शत्रुजीत कपूर सहित 15 लोगों पर एफआईआर दर्ज | आईजी पुष्पेंद्र की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय एसआईटी गठित | मामले ने तूल पकड़ा प्रदेशभर में लोग सड़कों पर उतरे, प्रदर्शन किया |

*पोस्टमॉर्टम को लेकर चल रहे विवाद के बीच शनिवार सुबह चंडीगढ़ के डीजीपी सागर प्रीत हुड्डा, आईजी पुष्पेंद्र कुमार और एसएसपी कंवरदीप कौर अमनीत से बातचीत करने सेक्टर-24 स्थित उनके सरकारी आवास पर पहुंचे। परिवार को मनाने की कोशिशें जारी रही।*

# रोहतक एसपी को हटाया, शव पीजीआई शिफ्ट, परिवार का पोस्टमार्टम से इनकार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के पोस्टमॉर्टम को लेकर शनिवार को दिन भर विवाद चलता रहा। इस बीच रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया को पद से हटा दिया गया। उनकी जगह आईपीएस अफसर सुरेंद्र सिंह भौरिया को एसपी लगाया गया है। शनिवार सुबह शव को चंडीगढ़ के सेक्टर-16 गवर्नमेंट अस्पताल से पीजीआई शिफ्ट किया गया। परिवार ने आरोप लगाया था कि उनकी मर्जी के खिलाफ शव जबरदस्ती पीजीआई ले गए। दोपहर को डॉक्टर्स, फोरेंसिक एक्सपर्ट्स और वीडियोग्राफी टीम चंडीगढ़ पीजीआई की मॉर्च्युरी में पहुंची, लेकिन परिवार का कोई सदस्य नहीं आया। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा कि परिवार की सहमति के बाद ही पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार इस मामले की पूरी जांच कराएगी। दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा।

*(संबंधित खबर पेज 2 पर)*



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने परिजनों का ढांढस बढ़ाया, पूरन कुमार को श्रद्धांजलि दी

सीएम सैनी बोले, दोषी चाहे जो हो बख्शेंगे नहीं

●

राजनेताओं का लगा तांता

### गिरफ्तारी पर अड़ा परिवार

पूरन कुमार के परिवार का कहना है कि जब तक डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी नरेंद्र बिजारणिया गिरफ्तार नहीं हो जाते, तब तक परिवार पोस्टमॉर्टम नहीं कराएगा। परिवार को मनाने के लिए सरकार की ओर से कोशिशें जारी है।

### पोस्टमॉर्टम के बाद डीजीपी बदलने की संभावना

सीएम हाउस में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, होम सेक्रेटरी डॉ. सुमिता मिश्रा और आईएएस अफसर राज शेखर वुंडरू से मीटिंग की। सूत्रों के मुताबिक, इस मीटिंग में सरकार डीजीपी शत्रुजीत कपूर पर कार्रवाई के लिए तैयार हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद डीजीपी कपूर को हटाया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो आईएएस अधिकारी ओपी सिंह, आलोक मित्तल और अरशिंद्र सिंह चावला डीजीपी की दौड़ में हैं।

### आज चंडीगढ़ में महापंचायत

पूरन कुमार के परिवार और समाज की तरफ से बनाई गई 31 मेंबरी कमेटी के अध्यक्ष प्रो. जयनारायण ने कहा कि कमेटी में पूरे हरियाणा से लोग लिए गए हैं। 3 प्रवक्ता बनाए गए हैं। डीजीपी शत्रुजीत कपूर और आईपीएस नरेंद्र बिजारणिया को गिरफ्तार किया जाए। इसके बाद हम पोस्टमॉर्टम कराएंगे। कल दोपहर 2 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर-20 गुरु रविदास गुरुद्वारा में महापंचायत होगी। वहीं दूसरी ओर पूरन कुमार के सुसाइड केस में कार्रवाई को लेकर कांग्रेस सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस की मांग है कि आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हिसार में रविदास महासभा ने मीटिंग बुलाई है। वहीं रोहतक में भी सामाजिक संगठन सड़कों पर उतरे।

## जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

# सड़क किनारे खड़े रोड रोलर से टकराई कार, चार की मौत

- रुखी गांव के निकट हादसा मरने वाले घिलौड़ कलां के
- किआ कार से जींद से लौट रहे थे वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/सोनीपत

दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर शाम भीषण सड़क हादसे में रोहतक जिले के गांव घिलौड़ कलां के चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवकों की कार गांव रुखी के निकट एक्सप्रेस-वे पर खड़े रोड रोलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही बरोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नागरिक अस्पताल गोहाना पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दीपांकर, लोकेश और सोमबीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अंकित को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां रेफर किया गया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजन अस्पताल की तरफ भागे।



### सोमबीर कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष का बेटा

मृतकों में सोमबीर, कांग्रेस के रोहतक ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलवान का बेटा है। सोमबीर ने इंटरलॉक टाइलों की फैक्ट्री लगा रखी थी और वह लोकेश, दीपांकर व अंकित के साथ किसी आर्डर की सप्लाई के लिए बाहर गया था। चारों शनिवार शाम को किआ कार से जींद की ओर से वापस लौट रहे थे। रुखी गांव के निकट सड़क निर्माण कार्य के चलते वहां रोड रोलर खड़ा था, जिससे टकराकर उनकी कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



## प. बर्धमान के दुर्गापुर में वारदात

# बंगाल में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप, तीन ने की दरिंदगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रविवार को दुर्गापुर जा रही है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को बलात्कारियों और अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बना दिया है।

दोस्त के साथ डिनर पर गई थी, फोन छीना जंगल में ले गए धमकी भी दी

## *एक्सपोर्ट पर चीन ने प्रतिबंध लगाया तो ट्रंप ने निकाली खुन्नस*

# चीन पर ठोक दिया 100 फीसदी टैरिफ अब कुल 130 प्रतिशत शुल्क की 'मार'

यह टैरिफ पहले से लगे 30 फीसदी टैरिफ के अतिरिक्त होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को टैरिफ का फिर झटका दे दिया है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर छिड़े विवाद के बीच ट्रंप ने चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। उन्होंने चीन को रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर प्रतिबंध के बाद कड़ी जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी, जिसे सही साबित करके दिखाया। टैरिफ एक नवंबर 2025 से लागू हो जाएगा। अमेरिका ने टैरिफ चीन से आने वाले सॉफ्टवेयर्स पर लगाया है, जिसका असर ग्लोबल ट्रेड पर देखने को मिल सकता है। गौर हो कि राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते दिन ही चीन को चेतावनी दे दी थी कि अमेरिका कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा और अपनी चेतावनी को सही साबित करते हुए उन्होंने टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया।



*ट्रंप का चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात का प्रोग्राम भी कैंसिल*

### टैरिफ से ट्रिलियन फुर्र क्रिप्टो मार्केट भी दहला

फैसले के बाद अमेरिका, चीन के शेयर बाजारों से क्रिप्टो करेंसी मार्केट तक में भारी तबाही आई है। क्रिप्टो मार्केट में ही 560 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

### क्या हैं चीन के रेयर अर्थ एलिमेंट्स?

रेयर अर्थ एलिमेंट्स में 17 रासायनिक तत्व आते हैं, जिनसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, सैन्य उपकरण, सेमीकंडक्टर बनाए जाते हैं। इन रासायनिक तत्वों पर चीन का कंट्रोल है, यानी 80 से 90 प्रतिशत रासायनिक तत्व चीन में पैदा होते हैं, लेकिन चीन ने साल 2000 में इनके उत्पादन में विदेश निवेश को सीमित कर दिया और इनका निर्यात भी कम कर दिया।




## ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर धमकी जैसी संवेदनशील स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की

पुलिस की स्पेशल ट्रेनिंग जरूरी अब भौतिक दायरे से निकलकर वर्चुअल दुनिया तक पहुंच गए

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित टेक्नोलॉजी शोषण का जरिया बन रही : सीजेआई



लड़कियों की सुरक्षा केवल शरीर की रक्षा नहीं, आत्मा को भी आजाद करना

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने शनिवार को ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर धमकी और 'डिजिटल स्टॉकिंग' के साथ-साथ व्यक्तिगत डेटा और डीपफेक तस्वीरों के कारण लड़कियों के विशेष रूप से संवेदनशील स्थिति में होने को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने इस संदर्भ में विशेष कानून बनाए जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों को विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। 'डिजिटल स्टॉकिंग' इंटरनेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग करके किसी व्यक्ति को परेशान करना, धमकाना या उसका पीछा करने को कहते हैं।

### बालिकाएं मौलिक अधिकारों से वंचित

प्रधान न्यायाधीश ने यूनिसेफ, भारत के सहयोग से उच्चतम न्यायालय की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में आयोजित "बालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उनके लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर" विषय पर राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को अब भी उनके मौलिक अधिकारों से वंचित रखा गया है।

### समाज में अपना सिर ऊंचा रख सकें

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल उसके शरीर की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उसकी आत्मा को मुक्त करना है। एक ऐसा समाज बनाना जहां वह सम्मान के साथ अपना सिर ऊंचा रख सके और जहां उसकी आकांक्षाएं शिक्षा और समानता से पोषित हों।

### जब तक लड़की भय में रहेगी तो सपना अधूरा रहेगा

रवींद्रनाथ टैगोर की कविता "व्हेयर द माइंड इज विदाउट फियर" को याद करते हुए गवई ने कहा कि इसमें बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जो कुछ हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, उसका सार समाहित है। उन्होंने कहा, "यह सपना तब तक अधूरा रहेगा जब तक कोई भी लड़की भय में रहेगी हिंसा के भय में, भेदभाव के भय में, या सीखने और सपने देखने के अवसर से वंचित होने के भय में।'

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अपने सरकारी निवास संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### सुसाइड के उकसाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में क्राईम ब्रांच सैक्टर-48 की टीम ने महिला सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विगत 3 अक्टूबर की सुबह थाना धौज क्षेत्र के अंतर्गत गांव नेकपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपने 3 बच्चों का गला घोट दिया तथा खुद आत्महत्या कर ली, इस घटना में उस व्यक्ति की दो बेटियों की भी मृत्यु हो गई थी। मामले के संबंध में मृतक के भाई ने बताया कि रिश्तेदारों द्वारा प्रताडित करने व झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई थी। जिससे तंग आकर उसके भाई कर्मवीर ने यह कदम उठा लिया। जिस शिकायत पर थाना धौज में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की गंभीरता के मद्देनजर अपराध शाखा सेक्टर 48 को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया, जिस पर अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने एक आरोपी मंजीत निवासी महेंद्रगढ व साली मीनाक्षी (काल्पनिक नाम) निवासी को गिरफ्तार किया लिया है।

### जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई करें

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं एसकेएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने वरिष्ठ आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या को संस्थागत हत्या करार दिया है। उन्होंने ऐलान की की इस हत्या के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर सभी विभागों के सफाई कर्मचारी 15 अक्टूबर को रातभर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे और महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपेंगे। इसके बावजूद शोकाकुल परिवार को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। शास्त्री ने यह ऐलान शनिवार को आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर नगर निगम कार्यालय के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय विचार गोष्ठी में बोलते हुए किया।

# सियासत अपनी जगह, आदर-संस्कार अपनी जगह

## ■ पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु गाड़ी से उतरकर दादा गौतम से कुछ इस तरह मिले



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

कहते हैं- सियासत अपनी जगह बुजुर्गों का मान सम्मान अपनी जगह..। कुछ इसी तरह का नजारा था शनिवार को पंचकूला भाजपा मुख्यालय पंचकमल के मुख्य दरवाजे के पास देखने को मिला। प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु पार्टी की अहम बैठक में शामिल होने के लिए पंचकूला पहुंचे थे। पूर्व वित्तमंत्री मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा भाजपा मामलों के प्रभारी सतीश पूनिया सहित अन्य अहम नेताओं के साथ में बैठक के बाद जैसे ही बाहर की तरफ निकलकर गाड़ी में बैठे, तो रामकुमार गौतम विधायक पहुंचे। अचानक ही दृश्य बदला और पूर्व वित्त मंत्री वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने गाड़ी से उतरकर अपने अंदाज में दादा गौतम का अभिवादन किया, तो दादा गौतम ने भी उन्हें गले से लगा लिया। काफी देर तक हास्य विनोद के बाद में पूर्व वित्तमंत्री अपने व्यस्त कार्यक्रमों के कारण दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### » रामकुमार गौतम और पूर्व वित्तमंत्री कई बार आमने-सामने चुनाव लड़ चुके

यहां पर बता दें कि रामकुमार गौतम और पूर्व वित्तमंत्री कई बार आमने-सामने चुनाव लड़ चुके हैं। सियासत भले ही आमने-सामने की रही हो लेकिन कैप्टन अभिमन्यु ने अपने संस्कार और अंदाज नहीं बदला। यही कारण है कि इन दिनों दादा गौतम भी कप्तान के मुरीद हैं। सार्वजनिक तौर पर भी वे स्वीकार कर लेते हैं, कि कप्तान साहब ने नारनौंद में जमकर विकास का काम कराया था, जितना वे खुद नहीं करा सके। उनसे गलती हुई थी, अब दादा गौतम कप्तान साहब की तारीफ करते हुए नहीं थकते, लेकिन कप्तान साहब भी निश्चिंत होकर गाना गाते हुए आगे बढ़ लिए बोले-सब कुछ सीखा हमने ना सीखी होशियारी...

# 'धन-धान्य कृषि योजना' में प्रदेश का नूंह जिला शामिल



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' कृषि को सुदृढ एवं आत्मनिर्भर बनाने व किसानों के जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि 'धन धान्य कृषि योजना' का देश के 100 जिलों में शुभारंभ किया गया है। उनमें हरियाणा का नूंह जिला भी शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, पंचकूला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान भाई बहनों को कृषि परियोजनाओं का उपहार कार्यक्रम के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैबिनेट मंत्रीगण, विधायकगण और किसानों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

## भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक-17 की सोनीपत रैली को लेकर चर्चा

# पीएम मोदी की जन विकास-जन विश्वास रैली की रूपरेखा तैयार

सीएम बोले- एक वर्ष में भाजपा सरकार ने 48 संकल्पों को पूरा किया





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 अक्टूबर को सोनीपत में होने वाली जन विकास-जन विश्वास रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को पंचकूला में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा ने मंथन किया। पीएम मोदी की रैली को ऐतिहासिक बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकारिणी की बैठक में सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां गिनवाई। वहीं प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कार्यकर्ताओं से नायब सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर रैली का न्योता देने के लिए कहा। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### 11 वर्षों में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जनहित में बड़े-बड़े निर्णय लेकर जनसेवा की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि 17 अक्टूबर को सोनीपत में होने वाली प्रधानमंत्री की जन विकास-जन विश्वास रैली भव्य और ऐतिहासिक होगी। हमारे 11 वर्ष गौरवशाली वर्ष है। 11 वर्षों में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जनहित में बड़े-बड़े निर्णय लेकर जनसेवा की है। नायब सैनी ने कहा कि एक बार भाजपा, बार-बार भाजपा के नारे को हम बोलते थे उसे हरियाणा की जनता ने चरितार्थ करके दिखाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि पीएम मोदी की रैली भव्य बनाने के लिए अभी से जुट जाएं।

### जापान से बड़ा निवेश हरियाणा आ रहा

अपने जापान विजिट के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में जापान से बड़ा निवेश आ रहा है। जापान में मिलने वाले हर व्यक्ति व नेता ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की। पीएम मोदी के नाम का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। उन्होंने कहा कि जापान से कई एमओयू साइन हुए हैं। मल्टीनेशनल कंपनियां हरियाणा में आ रही है।

### सेवा पखवाड़ा में कार्यकर्ताओं को अच्छा काम किया

पीएम मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में हरियाणा में चलाए गए सेवा पखवाड़ा के दौरान कार्यकर्ताओं ने अच्छा काम किया है। सरकारी विभागों ने भी अपने कार्यक्रमों को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान अलग-अलग उद्घाटन और शिलान्यास भी हुए। सेवा पखवाड़ा के दौरान लोगों तक सेवाएं और सुविधाएं पहुंची है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार भारी बरसात के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनी, लेकिन मुसीबत की इस घडी में हमारे मंत्री, विधायक और तमाम कार्यकर्ता लोगों के साथ खड़े रहे। श्री सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का काम किया है। फसलों के खराबें का पैसा भी किसानों तक पहुंचाने की तैयारी कर ली गई है। सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए सरकार ने लगभग 4500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इससे पहले बैठक में सबसे पहले आईपीएस अधिकारी वाई पूरन सिंह के निधन पर शोक जताया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी गौतम, पुत्र नरेंद्र पताः** गांव–कुंडल थाना खरखौदा जिला–सोनीपत **हरियाणा FIR No. 216/2019, Dt. 30.04.2019, U/S: 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः मोती नगर दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौतम**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौतम**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गौतम, FIR No. 216/2019, Dt. 30.04.2019, U/S: 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः मोती नगर दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री –अंशुल सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कोर्ट नंबर 268
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13408/WD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विक्रम उर्फ नन्हे पुत्रः** श्री भगवान **पताः** ग्राम लिलोठी, थाना बहादुरगढ़, हरियाणा, ने **FIR No. 231/12, U/s 33 DE Act थानाः बवाना, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम उर्फ नन्हे**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम उर्फ नन्हे**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 231/12, U/s 33 DE Act थानाः बवाना, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विक्रम उर्फ नन्हे**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13700/ON/2025
(Court Matter)


# पीएम का स्वच्छता अभियान अब बन गया बड़ा जन आंदोलन : बड़ौली



**चंडीगढ़।** हरियाणा में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रदेश के 11 नगर निगम क्षेत्रों में साफ सफाई की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सेक्टर-5 पंचकूला में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया और खुद भी साफ सफाई की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान के माध्यम से साफ-सफाई के प्रति देश को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। पीएम मोदी का स्वच्छता अभियान अब जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के युवा मोर्चा ने निगम सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर 11 निगम क्षेत्रों में अभियान चलाया।

# ग्राम पंचायतों में कार्यरत जलकर्मियों को अब आठ घंटे करनी होगी ड्यूटी, आदेश जारी

**गन्नौर।** प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में कार्यरत जलकर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा के आदेशानुसार जलकर्मियों को अब तय समय-सारिणी के अनुसार पूरे दिन के काम करना होगा, ताकि उन्हें न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप वेतन मिल सके। आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत को सौंपे गए ट्यवबैल पर तैनात जलकर्मियों को दिन के पहले दो घंटे ट्यूबवेल संचालन, अगले दो घंटे ग्राम सचिवालय व पंचायत घर में माली कम चपरासी कार्य, मध्य दो घंटे पार्क, व्यायामशाला, स्कूल, पीएचसी या पशु चिकित्सालय जैसी ग्राम स्तर की संस्थाओं की देखरेख, और अंतिम दो घंटे पुनः ट्यूबवेल संचालन में लगना होगा। इस तरह उन्हें पूरे दिन छह से आठ घंटे का नियमित कार्यभार सौंपा जाएगा। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जलकर्मी संबंधित ग्राम पंचायतों की पेरोल पर ही कार्यरत रहेंगे। उनके कार्य में कोई बाधा या अनावश्यक तबादला नहीं किया जाएगा।

### जलकर्मियों की हाजरी भी सरपंचों और ग्राम सचिवों को देनी होगी

सरकार के निर्देश पर खंड विकास एवं पंचायत विभाग अधिकारी राजेश टिवाना ने सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचो और ग्राम सचिवों को लिखित में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेशों के अनुसार ग्राम पंचायत अपने स्तर पर जलकर्मियों की 8 घंटे की ड्यूटी की समय सारणी जारी कर इसकी सूचना खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय में देनी होगी। जलकर्मियों की हाजरी भी सरपंचो और ग्राम सचिवों को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में प्रत्येक महीने की अंतिम तिथि को देनी होगी, ताकि हाजरी के अनुसार उन्हें वेतन दिया जा सके।

## एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या का मामला, मदद का दिया आश्वासन

# पूरे दिन सियासी दिग्गजों का जमावड़ा, नहीं निकला हल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

लगातार पांचवें दिन भी एडीजीपी वाई पूरन कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में कोई हल नहीं निकल सका है। अहम बात यह है कि पूरे मामले में सियासी दिग्गजों का जमावड़ा दिवंगत आईजी की धर्मपत्नी आईएएस के सरकारी आवास पर लगा हुआ था। देर शाम को जहां पंजाब के सीएम भगवंत मान ने आईपीएस की पत्नी और बेटियों, सास के साथ में मुलाकात कर परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया और अमनीत को पंजाब की बेटी बताया। इसके अलावा यहां पर सत्ताधारी पार्टी भाजपा के मंत्री अनिल विज, कृष्ण पंवार, कृष्ण बेदी के अलावा पूर्व मंत्री भी पहुंचे। अफसरशाही का जमावड़ा भी लगा हुआ है। कांग्रेस की सांसद सैलजा, वरुण मुलाना, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र के साथ में कांग्रेस के नेता बड़ी संख्या में चंडीगढ़ पहुंचे। सैलजा एक घंटे से ज्यादा वक्त पूर्ण कुमार की धर्मपत्नी के साथ में रहीं और पूरी सहानुभूति जताई।

### आईपीएस अधिकारी वाई पूरन के परिवार को न्याय मिलेगा : नायब सैनी

आईपीएस अधिकारी वाई पूरन सिंह की मौत को दुखद बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषी कितना ही प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें जैसे ही जापान में आईपीएस अधिकारी वाई पूरन सिंह के निधन की सूचना मिली, हमने उनकी पत्नी का ढांढस बंधाया और अधिकारियों को उनके साथ घर भेजा। हमारी सरकार इस मामले की पूरी जांच कराएगी। सैनी ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को कोई तंग करेगा तो हम उसे नहीं बख्सेंगे। विपक्ष को घेरते हुए नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष को ऐसे मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

### पंजाब के मुख्यमंत्री ने पत्नी और बेटियों से की मुलाकात

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी राजधानी चंडीगढ़ सेक्टर 24 स्थित आईएएस अमनीत पी कुमार के घर पर पहुंचे। पंजाब सीएम ने दिवंगत की बेटियों, पत्नी और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान कहा कि मैं हरियाणा के सीएम से अपील करता हूं कि कोई भी कानून से बढ़कर नहीं है, इंसाफ होना चाहिए और इंसाफ होते हुए दिखना भी चाहिए। उन्होंने परिवार को ढांढस भी बढ़ाया

**इन नेताओं ने परिवार से मिलकर शोक जताया :** शनिवार को सैलजा सांसद, वरुण मुलाना सांसद, बिजनौर से सांसद दलित नेता चंद्रशेखर रावण, विधायक गीता भुक्कल, पूर्व विधायक शमशेर गोगी के अलावा दीपेंद्र हुड्डा. पूर्व मंत्री प्रो. रामविलास शर्मा के अलावा सत्यप्रकाश जरावता सहित दर्जनों नेताओं का यहां पर जमावड़ा लगा था। इसके अलावा मनीष सिसोदिया आम पार्टी के नेता अनुराग ढांडा दर्जनों नामी गिरामी चेहरे यहां पर नजर आए।चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने आईपीएस, आईजीपी वाई पूरन कुमार की अकस्मात मृत्यु पर गहरा दुख एवं अफसोस प्रकट किया और कहा कि मेरे साथ साथ समस्त इंडियन नेशनल लोकदल परिवार भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दुख की घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।



### किसी ने अधिकारी की बात नहीं सुनी : सैलजा

**नई दिल्ली।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार को आर्ईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में जवाब देना होगा आखिर ऐसा क्यों हुआ, क्यों बार-बार चेतावनी देने के बावजूद किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने ने कहा है कि यह कोई एक दिन की बात नहीं है जिन अफसर के नाम इस पत्र में लिये गए हैं, यह वही बातें हैं जो वह पहले भी बार-बार उठाते रहे, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की।




## खबर संक्षेप



### अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक्स सैल ने चीका क्षेत्र से 39 ग्राम अफीम सहित एक नशा तस्कर काबू किया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान खरौदी मोड़ चीका मौजूद थी। गांव दाबन खेड़ी निवासी गुरदीप सिंह उर्फ बिट्टू को काबू कर लिया।

### निवेश करने के नाम पर 195000 रुपये की ठगी

**फरीदाबाद।** ऊंचे ब्याज पर टेलीग्राम ग्रुप में पैसे निवेश करने के नाम पर 195000 रुपये की ठगी करने में खाताधारक सहित 3 आरोपियों को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर 15 निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास टेलीग्राम ग्रुप पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम गुरप में जुड गई, जहां हाई इंटरेस्ट रेट पर निवेश कर मोटा मुनाफा दिया जाता था। जिस पर उसने अलग-अलग ट्रॉजेक्सन के जरिए कुल 1,95,000 रुपये निवेश किए।

### कंपनी से कॉपर का सामान चोरी करने में कबाड़ी काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा चोरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में छांयसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टार वायर कंपनी से कॉपर का सामान चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को थाना छांयसा की टीम ने गिरफ्तार किया है। मुखत्यार सिंह निवासी दादरी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह स्टार वायर कंपनी फरीदाबाद में सिक्योरीटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी से प्रकाश नाम के व्यक्ति ने 10 से 12 कॉपर बुश बार चोरी कर लिए।

**वारदात : हांसी में रेलवे का सामान चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने गई थी पुलिस**

# पुलिस टीम पर हमला, एसएचओ दो महिला कर्मियों सहित 9 घायल

**सभी घायलों को हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

रेलवे सामान चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर परिजनों द्वारा पुलिस टीम पर हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस हमले में जीआरपी हिसार के एसएचओ विनोद कुमार व दो महिला पुलिसकर्मियों सहित कुल नौ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को हिसार रेफर कर दिया। मारपीट की यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



हांसी। सीसीटीवी में कैद जीआरपी की टीम पर हमला करते आरोपी के परिजन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### घटना का वीडियो आया सामने

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक महिला को गैस की पाइप से पुलिस पर हमला करते हुए तथा अन्य लोग पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए नजर आ रहे है। जीआरपी पुलिस टीम पर हमले की सूचना मिलते ही बस अड्डा चौकी पुलिस और डायल-112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बस स्टेंड पुलिस चौकी प्रभारी खेता राम ने बताया कि सभी हमलावरों की पहचान कर ली गई है तथा पुलिस टीम पर हमला करने वाले सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### हमलाकर आरोपी को छुड़ा ले गए

एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि एसपी रेलवे नितिका गहलोत के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए शनिवार को हांसी आई थी। पुलिस टीम जब गैस एजेंसी रोड स्थित गर्ग अस्पताल के पास पहुंची तो आरोपी आर्यन को गर्ग अस्पताल के साथ लगती गली में आता हुआ दिखाई दिया। अचानक पुलिस टीम पर लाठी डंडों व रबड़ की पाइप हमला कर दिया और आरोपी को छुड़ा कर ले गए।

### हमले में ये पुलिस कर्मी हुए घायल

एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि अचानक हुए हमले पुलिस टीम के सभी पुलिस कर्मचारी घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में एसआईटी की टीम में शामिल एएसआई संजीव, एएसआई प्रदीप, एएसआई गुरमीत, एएसआई बलबीर, मुख्य सिपाही पंकज व अतिरिक्त मुख्य सिपाही (ईएचसी) सूरज, (महिला) एएसआई मीना व महिला सिपाही सुषमा घायल हो गए।

# रतिया में फर्जी नशा मुक्ति केंद्र का पर्दाफाश

**हरियाणा-पंजाब के पीड़ितों को छुड़ाया**

***छापेमारी के दौरान कई संदिग्ध दवाइयां, नकदी और जाली दस्तावेज बरामद किए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

**तीन आरोपी काबू**



अपराध एवं नशा विरोधी अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक फर्जी नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह केंद्र जिले के रतिया शहर में वार्ड नंबर 14 में एक मकान में बिना किसी सरकारी अनुमति और चिकित्सकीय देखरेख के अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। डीएसपी नरसिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिल रही थी कि इस कथित नशा मुक्ति केंद्र में हरियाणा और पंजाब के 4-5 नशा पीड़ित व्यक्तियों को अवैध रूप से बंदी बनाकर रखा गया है। केंद्र संचालक बिना डॉक्टर और कानूनी अनुमति के इलाज का दावा कर लोगों को गुमराह कर रहे थे और उनके परिजनों से नशा छुड़ाने के नाम पर पैसे वसूले जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर 14 स्थित मकान में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से कई संदिग्ध दवाइयां, नकदी और जाली दस्तावेज बरामद किए गए। जोनी निवासी रामनगर कॉलोनी, रतिया, सुधीर निवासी गुरु की नगर, गली नंबर 1, मंडी गोविंदगढ़, फतेहगढ़ साहिब और मनप्रीत गांव कोटली कलां, थाना सदर रमदिता, मानसा, पंजाब को गिरफ्तार किया है।

**भिवानी में 25 जनवरी 2023 की रात को वारदात**


# शिक्षक, पत्नी व नाबालिग बेटी के दो हत्यारों को उम्र कैद

**भिवानी।** अदालत ने एक शिक्षक, उसकी पत्नी व उसकी नाबालिग बेटी के दो हत्यारों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपियों पर 90-90 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वर्ष 2023 में आरोपी विजेंद्र उर्फ डॉक्टर ने अपने दोस्त प्रदीप के साथ मिलकर 25 जनवरी 2023 की रात को आरोपी ने प्रॉपर्टी के लालच में आकर अपने भाई राजेश, अपनी भाभी सुशीला व अपनी नाबालिक भतीजी को षड्यंत्र रचकर अपने दोस्त प्रदीप के साथ योजना बनाकर जूस में नींद की गोलियां दे दी थी। इसके बाद उनकी मृत्यु के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर कैमरा दोनों तरफ से बंद कर दिया था जिसके कारण दम घुटने के कारण परिवार के तीनों सदस्यों की मृत्यु हो गई थी । इसके बाद आरोपी घर से गहने भी चोरी करके ले गया था। सीसीटीवी फुटेज, भौतिक व तकनीकी साक्ष्यों का आकलन करके आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था।

**रेवाड़ी: शराब पीकर आने के कारण हुआ विवाद**

# पति की दीर्घायु के लिए रखा व्रत बेदर्द ने पेट्रोल डालकर आग लगाई

**रेवाड़ी।** जिस पति की दीर्घायु की कामना के साथ महिला ने करवा चौथ का व्रत रखा हुआ था, उसी पति ने चांद निकलने के बाद पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बचाव कराने आई बेटी पर पेट्रोल छिड़कने के बाद उसने खुद को भी आग लगा ली। इस हादसे में तीनों झुलस गए। पत्नी व आरोपी पति की हालत गंभीर बनी हुई थी। रामपुरा निवासी लगभग 38 वर्षीय अनीता ने शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत रखा हुआ था। वह चांद निकलने के बाद अपने पति मनोज के घर लौटने का इंतजार कर रही थी। पति के देर से घर लौटने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान मनोज ने अनीता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।



पत्नी व आरोपी पति की हालत गंभीर बनी हुई

***जींद में कंपनी द्वारा मुआवजा न दिए जाने पर परिजनों तथा ग्रामीणों ने उठाया कदम***

# मृतक टोल मैनेजर के परिजनों ने कराया टोल फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। धरने पर बैठे ग्रामीण।

टोल कंपनी द्वारा मृतक कर्मी को मुआवजा न दिए जाने से खफा मृतक के परिजनों ने गांव भिड़ताना के निकट नेशनल हाईवे 352ए को टोल फ्री करवा दिया। जिसमें किसान नेता भी शामिल हुए। परिजनों कहना था कि जब तक टोल कंपनी उनकी मांगों को पूरा नही करती तब तक टोल फ्री रखा जाएगा। मांगों को लेकर ग्रामीणो का टोल पर धरना जारी रहा। गांव भैणी सरजन के ग्रामीण शनिवार को सुबह गांव भिड़ताना नेशनल हाइवे 352 ए के टोल प्लाजा पर पहुंचे और टोल को फ्री करवा दिया। जिसके साथ वहीं पर धरना भी शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव भैणी सरजन निवासी सरजीत रक्षक जम्मू कटरा एक्सप्रेस वे कंपनी में मैनेजर के पद पर ड्यूटीरत था। गत 25 अगस्त को बडौदा थाना इलाके में डयूटी के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उस दौरान कंपनी में मृतक के परिजनों का हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था। लेकिन अब कंपनी ने सहायता करने से मना कर दिया है।








# एनडीए में सीट बंटवारे का काम 95 फीसदी पूरा, भाजपा-जदयू 100 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे

बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में बातचीत का दौर अब अंतिम चरण है। भाजपा और जदयू ने अपने कई पुराने चेहरों को हरी झंडी भी दे दी है, लेकिन, अब तक औपचारिक रूप से घोषणा नहीं की है। जल्द सूची जारी होने की बात कही जा रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में बातचीत का दौर अब अंतिम चरण है। भाजपा और जदयू ने अपने कई पुराने चेहरों को हरी झंडी भी दे दी है। लेकिन, अब तक औपचारिक रूप से घोषणा नहीं की है। यह घोषणा जल्द संभावित है। लेकिन, इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर जुटे हैं। गृह मंत्री अमित शाह, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता सीट शेयरिंग समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। एनडीए में सीट बंटवारे का काम 95 फीसदी तक हो चुका है। भाजपा और जदयू दोनों 100 से अधिक पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

दिल्ली में भाजपा की महाबैठक, दिग्गजों ने किया विचार विमर्श

## शाह, बिहार चुनाव प्रभारी प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे शामिल

**चिराग, मांझी और कुशवाहा की मांगों पर हो रही देरी**



नड्डा के घर पर जुटे भाजपा के नेतागण

केंद्रीय चिराग पासवान की पार्टी को 28, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को 8 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को करीब 5सीटें भाजपा और जदयू देना चाहती है। लेकिन, चिराग और मांझी मानने को तैयार नहीं। चिराग 35 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। मांझी का तर्क है कि राज्य स्तर की पार्टी बनने के लिए 8 विधायक चाहिए। 15 सीटों से कम पर चुनाव हम लोग नहीं लड़ कसते हैं। कुशवाहा ने 24 सीटों की मांग की है। तीनों पार्टी के नेताओं ने चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर अपनी-अपनी बात रख दी है।

### भाजपा की 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

एनडीए में अब तक सीट बंटवारे का एलान नहीं हुआ है। लेकिन, सोशल मीडिया पर भाजपा के कई संभावित उम्मीदवारों की सूची सामने आई है। दावा किया जा रहा है कि भाजपा आलाकमान की ओर से करीब 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम मुहर लगा दी गई है। इस सूची में भाजपा मौजूदा विधायक, मंत्री और संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेता शामिल हैं। आलाकमान ने इन्हें सर्वे और समीकरण में फिट पाया है। हालांकि, भाजपा ने इस सूची की पुष्टि नहीं की है। सूची में शामिल कई नाम मौजूदा भाजपा विधायकों के हैं जिन्हें पार्टी ने दोबारा मौका देने का फैसला किया है।

### जेडीयू से 31 प्रत्याशियों के नाम आए

नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अपने उम्मीदवारों की संभावित सूची लगभग तैयार कर ली है। जदयू ने 31 से ज्यादा सीटों पर नाम लगभग तय कर दिए हैं। इसमें कई मौजूदा विधायक, कुछ नए चेहरे और परिवारिक राजनीतिक विरासत वाले नाम शामिल हैं। पार्टी की रणनीति 'ग्राउंड कनेक्शन' और 'विनिंग फैक्टर' पर आधारित मानी जा रही है। सूची में कई बड़े नामों के अलावा युवा चेहरों को भी मौका दिया जा रहा है।



### पवन ने पार्टी का सच्चा सिपाही बताया

भोजपुरी सुपरस्टार और हाल में भाजपा में शामिल हुए पवन सिंह ने स्पष्ट कहा है कि मैं इस बार का चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि मैं अपने भोजपुरीया समाज से कहना चाहता हूं कि मैंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ज्वाइन नहीं किया था मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और हमेशा रहूंगा।



महागठबंधन में भी बैठकों का दौर

## कांग्रेस - आरजेडी में आखिरी वक्त में 5 सीटों पर मामला फंस गया

महागठबंधन में सीटों के समझौते को लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं। नेता लोग माथापच्ची में लगे हैंष फिर भी कुछ सीटों पर मामला फंसा हुआ है। खासकर बायसी, बहादुरगंज, रानीगंज, कहलगांव और सहरसा। सहरसा में पिछली बार भौजपा के आलोक रंजन ने आरजेडी के लवली आनंद को 20 हजार मतों से हराया था। उसी तरह कहलगांव की सीट पर कांग्रेस का दावा है, क्योंकि यह सीट परंपरागत रूप से कांग्रेस की है और लगातार सदानंद सिंह ये सीट जीतते रहे हैं। पिछली बार यहां से भाजपा जीती थी। अब आरजेडी इस सीट पर दावा कर रही है, मगर कांग्रेस इस सीट को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। पिछली बार भी ये सीट कांग्रेस ने ही लड़ी थी. सीमांचल की बायसी और बहादुरगंज भी कांग्रेस लड़ना चाहती है, क्योंकि कांग्रेस का कहना है कि सीमांचल में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।



### रोहतास में ग्रामीणों ने राजद विधायक का किया विरोध, धक्कामुक्की की

यहां कई जगहों पर आरजेडी विधायकों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि विधायक 5 साल तक गायब रहे और अब चुनाव के समय उनके बीच पहुंच रहे हैं। रोहतास में जनसंपर्क के दौरान राजद विधायक फतेह बहादुर का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया। इस दौरान विधायक समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। डेहरी व के चिलबिला गांव में राजद विधायक फतेह बहादुर की जनसंपर्क यात्रा के दौरान हड़कंप मच गया। विधायक गांव में पहुंचे ही थे कि ग्रामीणों ने उनका जमकर विरोध शुरू कर दिया।

### मैं लड़ा तो राहुल की तरह तेजस्वी को दो सीट से लड़ना होगा: पीके



राघोपुर सीट चर्चा का सबसे बड़ा केंद्र बन गई है। जन सुराज के संस्थापक और चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने इस सीट को लेकर बड़ा संकेत दे दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर वे राघोपुर से चुनाव लड़ते हैं तो तेजस्वी यादव को दो सीटों से मैदान में उतरना ही पड़ेगा। अब तेजस्वी को दूसरी सीट तलाशनी पड़ेगी। उनका हाल भी वही होगा जो राहुल गांधी का अमेठी में हुआ था। जब उन्हें वायनाड जाना पड़ा।

### तेज प्रताप बोले- मैं महुआ से चुनाव लड़ूंगा



जनशक्ति जनता दल के संस्थापक तेज प्रताप यादव ने कहा कि आप देख सकते हैं कि मेरी पार्टी को किस तरह का समर्थन मिल रहा है। इतने सारे लोग बिना बुलाए भी आ रहे है। मैं जल्द उम्मीदवारों की घोषणा करूंगा। मैं महुआ से चुनाव लड़ूंगा।

### विधायक मिश्रीलाल ने भाजपा से किया किनारा



दरभंगा जिले की अलीनगर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव ने पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अब पिछड़ों का सम्मान नहीं करती। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व घमंड में चूर हो गया है। इस बात जनता उनको जान चुकी है।

### चार दशक से रुकी हुई परियोजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधि के निलंबन के बीच जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर 1,856 मेगावाट की सावलकोट जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी दे दी है। चार दशकों से रुकी हुई यह परियोजना चिनाब बेसिन में भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य भारत को 1960 की संधि के तहत पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब से अपने हिस्से का पूरा जल उपयोग


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


छह दिवसीय यात्रा पर भारत आए गोर

## विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात, हुई अहम 'चर्चा'



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में मनोनीत अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने शनिवार को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर और सर्जियो गोर के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। गोर अमेरिका के प्रबंधन एवं संसाधन उप सचिव माइकल जे रिगास के साथ छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी सीनेट ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में गोर की नियुक्ति की पुष्टि की है। ट्रंप ने गोर को अगस्त के अंतिम हफ्ते में भारत में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया था। उन्हें दक्षिण-मध्य एशिया का भी जिम्मा सौंपा गया है।

### अमेरिका भारत संग काम करता रहेगा

*वहीं, अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा है कि अमेरिका अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और एक सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ काम करना जारी रखेगा। गोर की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का करीबी सहयोगी माना जाता है। इसके साथ ही ट्रंप टैरिफ के बवाल के बीच उन्होंने भारत के पक्ष में 'अनुकूल' बयान दिया है। ट्रंप सरकार ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन आने के लिए आमंत्रित किया है और दोनों पक्ष एक समझौते के करीब हैं।*

अत्यधिक भीड़ के कारण दारुल उलूम से बिना संबोधन लौटे मुत्ताकी, कहा

# अफगानिस्तान से कोई आतंकी भारत नहीं आएगा, रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ सहारनपुर/नई दिल्ली

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मौलाना अमीर खान मुत्ताकी शनिवार को भारत के सबसे प्रतिष्ठित इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद पहुंचे। संस्था प्रशासन ने उनकी अगवानी के लिए 15 प्रमुख उलमा लगाए। मुत्ताकी का काफिला दिल्ली से सुबह साढ़े आठ बजे रवाना हुआ और वे तकरीबन 12 बजे देवबंद पहुंचे। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में कड़े इंतजाम किए हुए थे। मुत्ताकी का स्वागत दारुल उलूम की विशालकाय गोलाकार लाइब्रेरी में किया गया। मौलाना अमीर खान मुत्ताकी अफगानिस्तान में तालिबान शासन के प्रमुख नेताओं में शामिल हैं। वर्ष 2021 में सत्ता संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। वे छह दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं और शुक्रवार को दिल्ली में कई अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। दारुल उलूम देवबंद में उनका स्वागत कार्यक्रम संस्था के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की देखरेख में तैयार किया गया। मुत्ताकी का काफिला देवबंद पहुंचा। 2 बजकर 30 मिनट पर उन्हें लाइब्रेरी में छात्रों को संबोधित करना था लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण उन्होंने संबोधन का फैसला निरस्त कर दिया और दिल्ली के लिए वापस लौट गए।

*नाम के आगे मौलाना और कासमी लिख सकेंगे मुत्ताकी*

*नए राजनयिक भेजेंगे मुत्ताकी काबुल आने का दिया न्यौता*

*खान बोले, दिल्ली ने अच्छा स्वागत किया*



विपक्ष ने उठाए सवाल

### अफगानी मंत्री ने महिला पत्रकारों की एंट्री रोकी, बवाल

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं। वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा- अफगानिस्तान के काउंसिल जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था।

विदेश मंत्रालय की सफाई, हमारी भूमिका नहीं

## राशिफल


**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।


**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।


**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।


**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।


**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।


**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

### एआई, सेमीकंडक्टर मिशन व 6जी क्षेत्र में सहयोग करेगी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित चिप दिग्गज क्वालकॉम के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टियानो आर. अमोन से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनोवेशन और कौशल में भारत की प्रगति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने भारत के सेमीकंडक्टर और एआई मिशनों के प्रति क्वालकॉम की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी तकनीकों के निर्माण के लिए खास प्रतिभा और पैमाने प्रदान करता है, जो सामूहिक भविष्य को आकार देंगी।

### आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** टैरिफ संकट और बढ़ती खालिस्तानी कट्टरता जैसी चुनौतियों के बीच रविवार से कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद भारत की तीन दिवसीय (12 से 14 अक्टूबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। जिसमें सोमवार को उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ नई दिल्ली में महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें होंगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि अपनी भारत यात्रा के तहत 12 अक्टूबर की रात करीब सवा आठ बजे कनाडा की विदेश मंत्री राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगी। जिसके ठीक अगले दिन 13 तारीख को उनकी हैदराबाद हाउस में सवा बारह बजे विदेश मंत्री जयशंकर के साथ एक बैठक होगी। फिर दोपहर करीब तीन बजे अनीता आनंद केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ वाणिज्य भवन में वार्ता करेंगी।




### पाक में आतंकी हमला, 7 पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाक के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर हुए आतंकवादी हमले में सात पुलिसकर्मी मारे गए और 13 घायल हो गये। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हमला शुक्रवार देर रात हुआ जब प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सात से आठ आतंकवादियों ने दक्षिण वजीरिस्तान सीमा के निकट डीआई खान जिले में डेरा इस्माइल खान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर भारी हथियारों का इस्तेमाल करते हुए समन्वित हमला किया।

### अमेरिका: मिसिसिपी प्रांत के नगर में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**हिडेलबर्ग।** अमेरिका के मिसिसिपी डेल्टा क्षेत्र के लेलैंड में हाई स्कूल के पूर्व छात्रों के लिए आयोजित फुटबॉल मैच के बाद हुई गोलीबारी में चार व्यक्ति मारे गए। यह जानकारी प्रांतीय सीनेटर डेरिक सिमंस ने दी। क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले सिमंस ने बताया कि गोलीबारी मिसिसिपी के छोटे से नगर लेलैंड के शहरी क्षेत्र में हुई, जहां लोग खेल के बाद एकत्र हुए थे। क्षेत्र के सीनेटर सिमंस ने बताया कि चार अन्य पीड़ितों को ग्रीनविले के एक अस्पताल ले जाया गया और फिर उन्हें प्रांत की राजधानी जैक्सन के एक बड़े अस्पताल ले जाया गया।

## शब्द पहेली - 6016



**बाएँसेदाए±**


1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6015 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |




# फिल्म फेयर अवॉर्ड

# कार्तिक आर्यन चंदू चैंपियन के लिए बेस्ट एक्टर लापता लेडीज को मिले सबसे ज्यादा 9 अवॉर्ड

*इस साल फिल्म 'लापता लेडीज' ने 24 नॉमिनेशन हासिल कर रिकॉर्ड बना लिया है। ये फिल्मफेयर के 70 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हासिल करने वाली फिल्म बन गई।*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में 70वीं फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी शुरू हो चुकी है। शाहरुख खान सेरेमनी होस्ट कर रहे हैं। अनन्या पांडे और अक्षय कुमार परफॉर्मेंस दे चुके हैं। अब तक फिल्म लापता लेडीज को 8 और किल को 4 अवॉर्ड मिले हैं। जीनत अमान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। रेड कार्पेट पर अभिषेक बच्चन ने भास्कर से कहा- आज मेरे पापा का बर्थडे है। मैं आज उनके साथ नहीं हूं, इसलिए बुरा लग रहा है। पापा आज भी शूटिंग कर रहे हैं। वहीं रवि किशन ने पहला नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जाहिर की।



*स्त्री 2 के गाने 'आज की रात' के लिए मधुबंती बागची को बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल) का अवॉर्ड मिला। फिल्म किल के लिए लक्ष्य ललवानी को बेस्ट मेल डेब्यू अवॉर्ड मिला है।*

## रवि किशन को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड

*फिल्म लापता लेडीज के लिए रवि किशन को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला है। ट्रॉफी लेते हुए वो बेहद भावुक दिखे। फिल्म चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। फिल्म लापता लेडीज में सपोर्टिंग रोल निभाने वालीं छाया कदम को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। अभिषेक बच्चन ने फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी में परफॉर्मेंस के जरिए मां जया बच्चन को ट्रिब्यूट दिया है। उन्होंने मां के आइकॉनिक गानों पर परफॉर्म किया। फिल्म लापता लेडीज को अब तक 7 कैटेगरी में अवॉर्ड मिल चुके हैं। जिनमें बेस्ट डायलॉग, बेस्ट एल्बम, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर जैसी कैटेगरी शामिल हैं। अरिजीत सिंह ने फिल्म लापता लेडीज के गाने सजनी के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) का अवॉर्ड जीता।*

फंड ट्रांसफर में फर्जीवाड़े का आरोप

## रिलायंस पावर के सीईओ अशोक पाल गिरफ्तार

**मुंबई।** ईडी ने रिलायंस पावर लि. के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया है। पाल पर अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप (एडीए) से जुड़े 68.2 करोड़ रुपये के फर्जी बैंक गारंटी और इनवॉइसिंग का आरोप है। पाल को ईडी ने शुक्रवार देर रात पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। पाल सोमवार, को दोबारा कोर्ट में पेश किए जाएंगे। ईडी के मुताबिक, पाल ने रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस से 12,524 करोड़ रुपये के लोन बांटे, जो ज्यादातर अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों को दिए गए। पाल पर फर्जी दस्तावेजों को मंजूरी देने का आरोप है।



**68.2 करोड़ रुपये के फर्जी बैंक गारंटी से जुड़ा है मामला**

अलवर के गोविंदगढ़ का निवासी

## पाक आईएसआई के लिए जासूसी में व्यक्ति गिरफ्तार

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान पुलिस ने पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में अलवर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मंगत सिंह को जयपुर की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अलवर के गोविंदगढ़ का रहने वाला मंगत सिंह पिछले दो साल से पाक महिला हैंडलर के संपर्क में था। उसने कई सूचनाएं लीक की है।



**पाकिस्तानी महिला हैंडलर के संपर्क में था**


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छ: दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया है। अब सवाल यह है कि भारत ने कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान के साथ आखिरकार दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? इसके पीछे रणनीति क्या है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अफगानिस्तान-हिंदुस्तान के नए रिश्ते





विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।**

अफगानिस्तान में अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान हुकूमत के सत्तासीन होने के पश्चात वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने पहली दफा जिस मुल्क का कूटनीतिक दौरा अंजाम दिया है, वह मुल्क है हिंदुस्तान। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी पर किसी भी विदेशी मुल्क की यात्रा करने पर प्रतिबंध आयद किया हुआ है, क्योंकि मुत्तकी संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा घोषित और प्रतिबंधित किए गए वैश्विक आतंकवादियों की लिस्ट में अभी तक शुमार हैं। भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। विश्व पटल पर बॉयकाट मुल्क करार कर दिए गए अफगानिस्तान को भारत सरकार ने आखिरकार अपने गले से क्यों और कैसे लगा लिया है। वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का मूल मंत्र रहा है कि दुश्मन का दुश्मन सदैव ही दोस्त हुआ करता है। वैश्विक कूटनीति के इसी मंत्र का जाप करते हुए भारतीय विदेश नीति ने अपनी करवट बदल ली है और अब अफगानिस्तान से प्रबल दोस्ती करने की ठान ली है।

## आतंक का गढ़ अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी जबरदस्त मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया गया है। वैश्विक जेहादी आतंकवाद का पाकिस्तान के बाद सबसे बड़ा गढ़ करार दिए जाने वाले कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान से आखिरकार जनतांत्रिक भारत ने दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? यक्ष प्रश्न है? जोकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के अनेक जाने-माने जानकारों के दिलों दिमाग में कौंध रहा है? अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान के दुर्दांत जेहादी लड़ाकों ने अमेरिकन हुकूमत द्वारा सैन्य रूप से समर्थित और पोषित अफगानिस्तान की अशरफ गनी और अब्दुल्ला सरकार को सत्ता से उखाड़ कर संपूर्ण अफगानिस्तान पर अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया। अफगानिस्तान से अमेरिकन सैनिकों को अपने आधुनिकतम हथियारों को छोड़कर उसी तरह से पलायन कर जाने पर विवश हो जाना पड़ा, जिस तरह से कभी वियतनाम से अमेरिकी सैनिक मैदान ए जंग को छोड़कर भाग खड़े हुए थे। तालिबान हुकूमत को दुनिया के किसी भी मुल्क ने उस वक्त मान्यता प्रदान नहीं की, यहां तक कि पाकिस्तान ने भी नहीं दी। भारत ने भी वर्ष 2021 में काबुल स्थित अपना दूतावास बंद कर दिया था।

## रूस ने दी सबसे पहले मान्यता

4 जुलाई 2025 को सबसे पहले तालिबान हुकूमत को मान्यता प्रदान करने वाला मुल्क बना प्रेसिडेंट पुतिन का रूस। जबकि अफ़गानिस्तान में वर्ष 1980 से 1990 तक अफगान मुजाहिद और रुस के सैनिक भीषण तौर पर युद्धरत रहे। कूटनीति के मैदान में कोई भी मुल्क सदैव के लिए दुश्मन और दोस्त नहीं हुआ करते हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित आतंकवादियों के नृशंस बर्बर आक्रमण के तत्पश्चात तालीबान हुकूमत ने जिस तरह की हार्दिक सहानुभूति और संवेदनशीलता भारत के प्रति प्रकट की थी, उसी के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार का कूटनीतिक दृष्टिकोण अफगानिस्तान के प्रति परिवर्तित होना प्रारंभ हो गया था। कूटनीटिक परिवर्तन के तत्पश्चात दोनों देशों की कूटनीतिज्ञों के मध्य घनिष्ठ वार्ताएं प्रारंभ हुई। वर्ष 2021 के बाद समाप्त हो गए पारस्परिक व्यापारिक रिश्ते फिर से कायम हो गए। तालिबान हुकूमत के सत्ताशीन होने से पहले भारत ने मुखतलिफ प्रोजेक्टस में दस हजार करोड़ का आर्थिक सहायता निवेश अफगानिस्तान में अंजाम दिया था।

## खनन कंपनियों को न्योता

सर्वविदित है कि अफगानिस्तान में खनिजों का एक बड़ा खजाना विद्यमान है। भारत की खनन कंपनियों को तालिबान हुकूमत ने अफगानिस्तान में खनन करने के लिए आमंत्रित किया है। वस्तुतः भारत भी रूस की तरह से ही अफगानिस्तान को कूटनीतिक मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया में संलग्न है। नई दिल्ली में 9 अक्टूबर को तालिबान हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऐलान कर दिया है कि भारत अपने टेक्निकल मिशन को अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास के स्तर पर ले जाने का फैसला कर चुका है। औपचारिक तौर पर तो कदाचित नहीं, वरन् अनौपचारिक तौर से भारत ने अफगानिस्तान को मान्यता प्रदान कर ही दी है। आमिर खान मुत्तकी का दिनांक 9 अक्टूबर कूटनीतिक दौरा भारत में प्रारंभ हुआ, उसी रोज पाकिस्तान वायुसेना के बमवर्षक विमानों ने काबुल पर बमबारी अंजाम दी है। भारत की सरजमीं से अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सीधी सैन्य चुनौती देते हुए फरमाया कि पाकिस्तान हमारी कुव्वत और हिम्मत को परखने की कोशिश कदापि ना करें तथा किसी तरह से हिमाकत करने से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों से हमारी लड़ाकू शक्ति बारे में जाकर समुचित जानकारी तो ले ले। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने विशिष्ट ऐलान किया अफगानिस्तान में अब कोई आतंकवादी गिरोह शेष नहीं बचा है। हमारी अफ़गान सरजमीं का एक भी इंच टुकड़ा भी आतंकवादियों के नियंत्रण में नहीं है। वर्ष 2021 में जिस अमेरिका परस्त अशरफ गनी हुकूमत के खिलाफ हमने मिलिटेंट ऑपरेशन अंजाम दिया था, तालिबान हुकूमत के तहत वो अफगानिस्तान अब पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने साफ तौर पर बयान किया कि पाकिस्तान और अन्य देश भी आतंकवादियों के खिलाफ वैसा ही जबरदस्त कदम उठाएं जैसा कठोर कदम अफगानिस्तान ने शांति और अमन स्थापित करने के लिए उठाया है।

## दोस्ती के रास्ते खुले

भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। भारत ने तो पाकिस्तान से भी दोस्ती करने के अनेक दफा गंभीर प्रयास किए, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।

# बहुत गहरी हैं भारत-अफगान संबंधों की ऐतिहासिक जड़ें



उम्मीद
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ स्तंभकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा ने पुरानी दोस्ती में नई जान फूंक दी है। मुत्तकी बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से विस्तृत चर्चा की। यह 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान को 'साझा खतरा' बताया, जबकि तालिबान ने 2025 के पहलगाम हमले की निंदा की। भारत-अफगानिस्तान संबंध शताब्दियों की परीक्षा से गुजरे हैं। प्राचीन बौद्ध विरासत से आधुनिक बुनियादी ढांचे तक, ये बंधन लचीले साबित हुए। मुत्तकी की यात्रा मानवतावादी सहायता को कूटनीतिक संवाद में बदलने का अवसर है। जैसे अशोक के शिलालेख आज भी बोलते हैं। दोनों देशों को आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास जैसे साझा मुद्दों पर एकजुट होना होगा। यह न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है, बल्कि साझा इतिहास की मांग भी। लेकिन मुत्तकी की यह यात्रा केवल वर्तमान की राजनीति नहीं, बल्कि भारत-अफगानिस्तान के गहन ऐतिहासिक बंधनों की याद दिलाती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक विकास परियोजनाओं तक, ये संबंध सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक धागों से बुने गए हैं। भारत और अफगानिस्तान के संबंध प्राचीन काल से ही गहरे हैं, जब ये क्षेत्र एक सांस्कृतिक निरंतरता का हिस्सा थे। सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 3300-1300 ईसा पूर्व) के अवशेष अफगानिस्तान के उत्तरी भागों में भी मिलते हैं, जो व्यापारिक मार्गों के माध्यम से जुड़े हुए थे। चंद्रगुप्त मौर्य के समय (305 ईसा पूर्व) यह संबंध औपचारिक रूप ले चुके थे। सेल्यूकस निकेटर ने अफगान क्षेत्र मौर्य साम्राज्य को सौंप दिया, बदले में 500 हाथी और वैवाहिक संबंध प्राप्त किए। सम्राट अशोक (268-232 ईसा पूर्व) ने अफगानिस्तान को बौद्ध धर्म का केंद्र बनाया। कंधार में उनके शिलालेख आज भी मौजूद हैं, जो धम्म के प्रचार की गवाही देते हैं। मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भी, इंडो-ग्रीक और कुशान साम्राज्यों ने इस क्षेत्र को भारतीय उपमहाद्वीप से जोड़े रखा। कुषाण शासक कनिष्क (मध्य पहली शताब्दी) ने बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित किया, जिसका प्रभाव गंधार कला में दिखता है। ये प्राचीन संबंध केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक थे। अफगानिस्तान के बामियान बुद्ध (जो 2001 में तालिबान द्वारा नष्ट किए गए) भारतीय बौद्ध विरासत के प्रतीक थे। व्यापार मार्गों ने मसाले, रत्न और विचारों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया, जो आज भी दोनों देशों की साझा विरासत को दर्शाता है। मध्यकाल में अफगानिस्तान भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों रहा।

**इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है।**

10वीं शताब्दी से गजनवी, गौरी, खिलजी, लोदी और मुगल जैसे अफगान मूल के वंशों ने उत्तरी भारत पर आक्रमण किए, जो राजनीतिक उथल-पुथल लाए लेकिन सांस्कृतिक समन्वय भी। महमूद गजनवी (998-1030) के आक्रमणों ने सोमनाथ मंदिर को लूटा, लेकिन इन्होंने फारसी साहित्य और वास्तुकला को भारत में रोपा। गौरी वंश (12वीं शताब्दी) ने दिल्ली सल्तनत की नींव रखी, जो अफगान शासकों द्वारा संचालित थी। मुगल काल (1526-1858) में यह संबंध और गहरा हुआ। बाबर, अफगान मूल का था। 18वीं शताब्दी में अहमद शाह दुर्रानी ने अफगान साम्राज्य स्थापित किया, जिसने पंजाब तक विस्तार किया, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के सिख साम्राज्य ने इसे रोका। इस काल में आर्थिक लेन-देन फला-फूला। अफगानिस्तान के सूखे मेवे, घोड़े और ऊनी वस्त्र भारत पहुंचे, जबकि भारतीय वस्त्र और मसाले अफगान बाजारों में बिके। सांस्कृतिक रूप से, सूफी संतों जैसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर) ने दोनों क्षेत्रों को जोड़ा। हालांकि आक्रमणों ने तनाव पैदा किया, लेकिन ये संबंध विनाशकारी नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी साबित हुए। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने इन संबंधों को नया मोड़ दिया। अफगानिस्तान और ब्रिटिश भारत पड़ोसी थे, लेकिन 'ग्रेट गेम' में रूस के साथ ब्रिटेन की होड़ ने अफगानिस्तान को बफर राज्य बना दिया। भारत ने अफगानिस्तान के साथ 1950 में 'मैत्री संधि' पर हस्ताक्षर किए, जो शांति और राजनयिक संबंधों की गारंटी थी। 1973 में मोहम्मद दाऊद खान के गणतंत्र को मान्यता दी गई, लेकिन 1979 के सोवियत आक्रमण ने संबंधों को जटिल कर दिया।

# अमेरिका समेत चीन व पाकिस्तान को संदेश



कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी
स्वतंत्र पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर है। साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद यह पहला अवसर है जब तालिबान सरकार का कोई बड़ा मंत्री भारत के दौरे पर आया है। यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है। खासतौर से भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान मुत्ताकी ने भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देने व भारत में दुतावास शुरू करने की बात कही है, उससे पाकिस्तान सकते में आ गया है। मुत्ताकी ने कहा कि भारत ने हमेशा मुश्किल समय में अफगानिस्तान का साथ दिया है। हमारे संबंध केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, संस्कृति, खेल और अन्य संबंधों से भी जुड़े हैं। मुत्ताकी अमेरिका द्वारा बगराम एयरबैस की मांग की पृष्ठभूमि के बीच भारत के दौरे पर आए हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि तालिबान सरकार द्वारा अमेरिका को बगराम एयरबेस देने से इनकार के बाद उपजे हालातों के दृष्टिगत अफगानिस्तान के विदेशमंत्री किसी कूटनीतिक लक्ष्य को साधने के लिए भारत से संबंध सुधारने की पहल कर रहे हैं। यह आशंका इसलिए उठ रही है क्योंकि मुत्ताकी भारत आने से पहले रूस गए थे। रूस यात्रा के दौरान भी उन्होंने बगराम एयरबेस का मुद्दा उठाया था। रणनीतिक दृष्टि से बगराम एयरबेस ईरान, पाकिस्तान, चीन और मध्य एशिया के समीप होने के कारण अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ठिकाना है। 2021 में अमेरिका ने इसी खाली कर दिया था। अब ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद इस पर फिर से कब्जा करना चाहते हैं। सत्ता में आने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को दरकिनार कर भारत के साथ संबंध बढाने षुरू कर दिए। भारत ने मुत्ताकी के दौरे को औपचारिक मान्यता नहीं बल्कि रणनीतिक संवाद का माध्यम बताया है। भारत यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने विदेशमंत्री व अन्य अधिकारियों से राजनयिक, व्यापारिक और आर्थिक साझेदारियों को लेकर बात कर है, उससे जाहिर है कि अफगानिस्तान की राजनीति में भारत के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।

**मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे चीन अमेरिका और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है**

# भारत की रणनीति ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका



रणनीति
महेंद्र पंडित
वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। असल में जब अफगान में हामिद करजई की सरकार थी, उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को दखल का मौका मिलना तो दूर अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। वो पहले से ही अफगान सरकार के तेवर से बेहद परेशान था। अब अगर तालिबान सरकार को भारत का भी साथ मिलता है तो पहले से ही कंगाली की हालत में पहुंचे पाकिस्तान को जोर का झटका लगना तय है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। यही कारण रहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अफगानिस्तान भारत के पक्ष में खड़ा नजर आया। अब आमिर खान मुत्तकी की भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात के दौरान दोनों ओर से कमाल की गर्मजोशी दिखी। एस. जयशंकर ने मुत्तकी को न सिर्फ गर्मजोशी से गले लगाया, बल्कि काबुल में भारत के तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देने की घोषणा भी कर दी। भारत ने उसे सद्भावना के नाम पर पांच एम्बुलेंस सौंप दी हैं। भारत का अफगानिस्तान के प्रति प्यार नया नहीं है। दशकों से हमने स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में करोड़ों रुपये झोंके हैं। कोविड वैक्सीन से लेकर गेहूं तक अफगानिस्तान को जब भी किसी सहायता की जरूरत महसूस हुई, भारत ने दी है।




आतंक का पोषक पाकिस्तान उम्मीद लगाए हुए था कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत के खिलाफ उसके समर्थन में खड़ी होगी, लेकिन भारत की रणनीति ने उसे चारों खाने चित कर दिया। यही कारण है कि वह महज चार साल पहले अमेरिकी सेना के शिकंजे से आजाद हुए अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर रहा है।

# अफगानिस्तान पर कूटनीतिक जागरूकता और सजगता जरूरी



चौकसी
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति को अपने-अपने देशों के हित में साधने के लिए भारत व अफगानिस्तान विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी गत 9 अक्टूबर को छह दिवसीय भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे और अगले ही दिन दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इसमें भारतीय मंत्री ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुनः दूतावास खोलने की बड़ी घोषणा की तथा अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।

इसी के साथ दोनों देशों के मंत्रियों ने पारस्परिक संप्रभुता एवं स्वायत्तता की सुरक्षा और द्विपक्षीय कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों की दृढ़ता के लिए भी महत्वपूर्ण संवाद किया है। अपनी यात्रावधि में अफगानी विदेश मंत्री भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परामर्शक अजीत डोभाल के साथ भी भेंटवार्ता करेंगे। विश्व के प्रमुख देशों की भांति ही भारत ने भी तालिबानी शासन को आधिकारिक मान्यता तो नहीं दी है, किंतु अफगानिस्तान के साथ भारत सहित सभी देशों के व्यापारिक-आर्थिक संबंध पहले जैसे ही हैं। नब्बे के दशक से लेकर 2014 तक अफगानिस्तान, रूस व अमेरिका की पारस्परिक शत्रुता का प्रायोगिक क्षेत्र बना रहा। कभी वहां रूसी सेना तैनात हुई थी। उस समयावधि के बाद से लेकर 2021 तक अमेरिकी सेना की तैनाती ने उस देश में तालिबान आतंकवाद को फलने-फूलने का अवसर दिया। हालांकि तालिबानी गतिविधियों को आतंकी गतिविधियां भी अमेरिका ने ही बताया था, जबकि अफगानिस्तान की अधि जनसंख्या अशरफ गनी के शासनकाल में भी तालिबानगामी शासन की पक्षधर थी। पूरे एक दशक तक तालिबानी लड़ाकों एवं अमेरिकी सेना के मध्य सशस्त्र संघर्ष होता रहा। इस अवधि में संपूर्ण अफगानिस्तान बुरी तरह अस्थिर रहा। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तानी शासन व तालिबान समूह की कूटनीतियों के कारण यह देश निरंतर गृहयुद्ध व आत्मघात की स्थितियों-परिस्थितियों में पिसता रहा। इस स्थिति में भी भारत ने वहां के तत्कालीन शासन के सहयोग से उस देश में मूलभूत अवसंरचना के निर्माण सहित अनेक विकासपरक कार्य संपन्न किए, जिनका महत्व अब का तालिबानी



**भारत ने अफगानिस्तान में पुनः दूतावास खोलने की घोषणा की व अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।**

शासन भी भलीभांति जानता-समझता है। वास्तव में अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य बगराम हवाई क्षेत्र पर अमेरिका की गिद्धदृष्टि के प्रतिरोध में वैश्विक दक्षिण के प्रमुख व शक्तिशाली देशों का प्रतिरोधपरक समर्थन प्राप्त करना है। चूंकि इस संदर्भ में रूस के मास्को में आमिर खान मुत्तकी को रूस, चीन, पाकिस्तान, ईरान इत्यादि देशों ने अपना-अपना समर्थन दे दिया है, अतः अब तालिबानी नेता की मंशा है कि भारत भी बगराम हवाई स्थल पर अमेरिकी कब्जे की इच्छा का दृढ़ विरोध करे। अमेरिका के संदर्भ में यह अतिविडंबना ही मानी जाएगी कि अपने प्रथम कार्यकाल में जहां ट्रंप ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का विरोध किया, इसे धन-संसाधन की बर्बादी कहा, कार्यकाल के अंतिम दिनों में अमेरिकी सैनिकों की वापसी भी करवा दी तथा डेमोक्रेट्स के शासन में राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने बगराम हवाई क्षेत्र में विद्यमान अंतिम अमेरिकी अवसंरचना हटा अफगानिस्तान को पूरी तरह अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से मुक्त कर दिया था, वहां अब ट्रंप पुनः बगराम में एक प्रतीकात्मक अमेरिकी सैन्य शिविर की स्थापना करने को व्याकुल हैं। परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक रूप में अस्थिर अनेक देशों में अमेरिका की ओर से सैन्य तैनातियां हुईं, सैन्य हस्तक्षेप बढ़ा, सामरिक संघर्ष हुआ तथा शासन विस्थापित हुए। दक्षिण एशिया में सन् 2014 तक अमेरिका ने जहां चीन एवं रूस के प्रतिरोध के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत का उपयोग किया, वहीं अब चीन व रूस के अतिरिक्त भारत के प्रतिरोध हेतु भी वह अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित मध्य पूर्व के मुसलिम देशों का भी अपने सैन्य शिविरों के रूप में प्रयोग करना चाहता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के माध्यम से अमेरिका ने तालिबानी शासन पर अनेक स्तरीय प्रतिबंध आरोपित कर रखे हैं। इन्हीं प्रतिबंधों के कारण अब तक तालिबानी नेता विदेश यात्रा नहीं कर पा रहे थे। किंतु ज्यों ही सुरक्षा परिषद् ने प्रतिबंधों को सीमित किया, त्यों ही तालिबानी नेतृत्व अमेरिकी प्रयोग में फंसने से बचने हेतु प्रमुख रूप से रूस, भारत व चीन को साधने का प्रयास करने लगा है।

हमें तालिबानी शासन की मूल प्रवृत्ति को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से मुक्त शासन के अनुरूप देखना होगा, तब ही हम अफगानिस्तान के संदर्भ में एक सुरक्षित कूटनीतिक वातावरण निर्मित कर पाएंगे। अन्य देशों की भांति भारत के लिए भी वैश्विक कूटनीतियों के हल ढूंढना सुगम नहीं है। जब हम अमेरिका एवं चीन सहित विश्व के अधिसंख्य देशों पर आंख बंद करके विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो फिर अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के प्रति भी हमें कूटनीतिक रूप में अति जागरूक व सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# साइवर-एक्लेस्टोन का शानदार प्रदर्शन इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हराया

भाषा ▶▶ कोलंबो



कप्तान नटाली साइवर ब्रंट (117 रन) के आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में रिकॉर्ड पांचवें शतक के बाद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन (17 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से चार बार की चैंपियन इंग्लैंड ने शनिवार को यहां श्रीलंका को ग्रुप मैच में 89 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद साइवर ब्रंट ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 253 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में मदद की। इसके बाद साइवर ब्रंट ने एक्लेस्टोन के साथ गेंदबाजी में भी कमाल किया जिससे श्रीलंका की टीम 45.5 ओवर में 164 रन पर ढेर हो गई और उसे टूर्नामेंट में दूसरी हार झेलनी पड़ी। एक्लेस्टोन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में (तीन मेडन) 17 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं साइवर ब्रंट ने पांच ओवर में 25 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए जिससे उनके हरफनमौला प्रदर्शन से उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। चार्ली डीन ने भी दो विकेट लिए जबकि लिन्से स्मिथ और एलिस कैप्से को एक एक विकेट मिला। श्रीलंका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और कप्तान चामरी अटापट्टू रिटायर्ड हर्ट हो गईं, तब टीम का स्कोर 18 रन था। हालांकि वह बाद में खेलने उतरीं लेकिन एक्लेस्टोन का चौथा शिकार बनीं।

# महिला वनडे वर्ल्ड कप में 47 साल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को मिली सिर्फ तीन जीत

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप में पदार्पण के बाद से पिछले 47 साल में सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को महज तीन बार हरा सकी है और आखिरी बार 2017 में इंग्लैंड में हुए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मिली जीत की सूत्रधार 171 रन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर थी, जिनका बल्ला इस बार अभी तक खामोश है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच एक दिवसीय महिला विश्व कप में अब तक बारह मुकाबले खेले गए हैं जिनमे से नौ बार आस्ट्रेलिया (1978, 1982 में दो मैच, 1993, 1997, 2000, 2005, 2017 ,2022) ने जीत दर्ज की है जबकि भारत तीन बार (2009 में दो बार और 2017) ही जीत सका है।

## महिला वनडे विश्व कप भारत ने 1978 में किया था पदार्पण





महिला वनडे विश्व कप की शुरुआत यूं तो 1973 में हुई लेकिन भारत ने पदार्पण 1978 में किया और आस्ट्रेलिया की टक्कर पहली बार इसी विश्व कप में पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में हुई। यह विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में होना था लेकिन रंगभेद के चलते उसके बहिष्कार के कारण भारत को इसकी मेजबानी मिली। भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की भागीदारी के बीच खेले गए टूर्नामेंट में मार्गरेट जेनिंग्स की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम ने और डायना एडुल्जी की भारतीय टीम को 71 रन से हराया था। फिर 1982 में शांता रंगास्वामी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड में बदले हुए प्रारुप (राउंड रॉबिन और फाइनल) में खेले गए विश्व कप में राउंड रॉबिन चरण में बारह में से चार मैच जीते लेकिन उसे आस्ट्रेलिया के हाथों तीनों मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### फेनेस्टा ओपन : पार्थसारथी और तविश ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी मुंधे और आठवीं वरीयता प्राप्त तविश पाहवा शनिवार को फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-16 वर्ग में चैंपियन बने। इन दोनों खिलाड़ियों ने युगल वर्ग में भी अपनी जोडियों के साथ जीत दर्ज की। लड़कियों के अंडर-16 एकल फाइनल में पार्थसारथी ने श्रीनिति चौधरी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए तीन सेटों के मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। तविश ने लड़कों के अंडर-16 एकल फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए मन्नान अशोक अग्रवाल को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। तविश ने इसके बाद लडकों के युगल में प्रकाश सारन के साथ जोड़ी बनाकर दोहरी सफलता हासिल की। इस जोड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त मन्नान अशोक अग्रवाल और ओम रमेश पटेल को रोमांचक मुकाबले में 1-6, 7-5, 10-6 से हराया।

### एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में शुभंकर ने बनाई कट में जगह



**मैड्रिड।** शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शर्मा के 36 होल के संयुक्त कुल स्कोर ने उन्हें मार्च 2025 में हीरो इंडियन ओपन के बाद पहली बार किसी 72 होल की प्रतियोगिता में अपना पहला कट हासिल करने में मदद की। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी अगले सप्ताह डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में भारत के शीर्ष दावेदारों में से एक होगा। वह अभी 61वें स्थान पर हैं।

### पार्थ-हिमांशु जीते, विश्व अंडर-20 क्वालीफाइंग मार्क किया हासिल

**भुवनेश्वर।** अंडर-20 पुरुष वर्ग में झारखंड के 100 मीटर चैंपियन पार्थ सिंह ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को लंबी कूद स्पर्धा में 7.82 मीटर से स्वर्ण पदक जीता जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और मीट रिकॉर्ड है। इससे पहले 7.79 मीटर का पिछला मीट रिकॉर्ड एस लोकेश के नाम था। झारखंड के एथलीट दूसरे दिन विश्व अंडर-20 क्वालीफिकेशन मार्क हासिल करने वाले कई प्रतियोगियों में शामिल थे। लंबी कूद में क्वालीफिकेशन मार्क 7.58 मीटर है। हरियाणा के एशियाई युवा चैंपियन हिमांशु ने लड़कों की अंडर-18 भाला फेंक स्पर्धा में 80 मीटर का आंकड़ा पार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 80.38 मीटर का था। हिमांशु ने इससे पहले अंडर-18 लड़कों के क्वालीफिकेशन राउंड में (700 ग्राम का) भाला 79.96 मीटर की दूरी तक फेंका जो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा द्वारा 2014 में विजयवाड़ा में बनाए गए 76.50 मीटर के मीट रिकॉर्ड से बेहतर था।


# वेस्टइंडीज बैकफुट, टीम इंडिया ने खेली 500 प्लस की पारी, शुभमन का शतक

## भारत ने पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन पर की घोषित, वेस्टइंडीज 4 विकेट पर 140 रन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल के करियर के दसवें टेस्ट शतक और रविंद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां एक और बड़ी जीत की उम्मीद जगा दी। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह भारत से अभी 378 रन पीछे है। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच पारी और 140 रन से जीता था और अगर यहां उसे फॉलोऑन देने का मौका मिलता है तो वह इससे नहीं हिचकिचाएगा।

गिल पारी समाप्ति की घोषणा करके पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वह जल्द से जल्द मैच समाप्त करना चाहते हैं। भारत की पारी के आकर्षण यशस्वी जायसवाल (258 गेंदों पर 175 रन) और कप्तान शुभमन गिल (196 गेंदों पर नाबाद 129 रन) के शतक रहे। इन दोनों के अलावा साई सुदर्शन (87) ने अर्धशतक बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन (98 रन देकर तीन विकेट) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे।



### गिल ने ब्रेडमैन को पीछे छोड़ा

गिल ने दिल्ली के मैदान पर इंडीज के खिलाफ पहली पारी में अपना शतक 177 गेंदों पर पूरा किया। गिल ने पहली पारी में 129 रन बनाए और नाबाद रहे। ये उनके टेस्ट क्रिकेट करियर का 10वां साथ ही इंडीज के खिलाफ पहला शतक रहा। अपने इस शतक के दम पर गिल ने डॉन ब्रेडमैन को पीछे छोड़ दिया। दरअसल गिल ने बतौर कप्तान अपना 5वां टेस्ट शतक लगाया और वो सबसे कम पारियों में कप्तान के तौर पर ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने। गिल ने ये कमाल सिर्फ 12 पारियों में किया जबकि ब्रेडमैन ने ऐसा 13 पारियों में किया था।



### कोहली के बराबर पहुंचे शुभमन

गिल ने भारतीय कप्तान के रूप में एक कैलेंडर साल में 5 टेस्ट शतक लगाने का कमाल किया और विराट कोहली की बराबरी कर ली। कोहली ने टेस्ट प्रारूप में भारतीय कप्तान के रूप में दो बार एक कैलेंडर वर्ष में 5 शतक लगाने का कमाल किया था। कोहली ने ऐसा साल 2017 और 2018 में किया था। शुभमन गिल अब इस मामले में कोहली की बराबरी पर आ गए। गिल ने अपनी कप्तानी के पहले ही साल में टेस्ट में 5 शतक लगाने का कमाल किया और ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने।

### जडेजा ने आखिरी सेशन में भारत को किया हावी

रविंद्र जडेजा ने ही भारत को दूसरी सफलता दिलाई। उन्होंने चंद्रपॉल (34) के बल्ले का बाहरी किनारा हासिल किया और पहली स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। कुछ देर बाद कुलदीप की गेंद पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश करते हुए अथानजे मिडविकेट पर जडेजा को आसान सा कैच दे बैठे। अगले ओवर में विंडीज कप्तान रोस्टन चेज बिना खाता खोले लौट गए। जडेजा ने उन्हें अपनी ही गेंद पर लपक लिया।

### भारत ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

दिल्ली टेस्ट मैच में जहां जायसवाल ने 175 रनों की पारी खेली तो वहीं कप्तान शुभमन गिल 129 रनों की नाबाद पारी खेली। टीम इंडिया ने जब दिल्ली टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल में अपनी पहली पारी 518 रनों के स्कोर पर घोषित की तो उसी के साथ 7 साल पुराना एक बड़ा रिकॉर्ड भी चकनाचूर हो गया। भारतीय टीम की पहली पारी के दौरान एक भी लेग बाई और बाई का रन नहीं आया और टेस्ट क्रिकेट में ये बिना इस अतिरिक्त रन के एक पारी में सर्वाधिक रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड बांग्लादेश और श्रीलंका की टीम के बीच साल 2018 में चट्टोग्राम के मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच में बांग्लादेश के नाम था, जिन्होंने 513 रन अपनी पारी में बिना लेग बाई और बाई के बनाए थे। भारतीय टीम की दिल्ली टेस्ट मैच की पहली पारी को देखा जाए तो उसमें सिर्फ 2 अतिरिक्त रन देखने को मिले, जो वाइड से आए थे। टेस्ट क्रिकेट में ये 500 प्लस स्कोर की पारी में अब तक सिर्फ दूसरे सबसे कम एक्स्ट्रा रन देने का रिकॉर्ड है।

### रोहित का रिकॉर्ड ब्रेक

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का 10वां शतक लगाया और ये डब्ल्यूटीसी में भी उनका 10वां शतक ही रहा। इस टेस्ट शतक के साथ गिल ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, जो इससे पहले डब्ल्यूटीसी में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर थे और इसकी संख्या 9 थी। गिल अब रोहित को पीछे छोड़कर डब्ल्यूटीसी में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल रन आउट | 175 | 258 | 22 | 0 |
| राहुल स्टं इमलाच बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन एलबीडब्ल्यू बो वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 129 | 196 | 16 | 2 |
| रेड्डी कॉ जेडेन सील्स बो वारिकन | 43 | 54 | 4 | 2 |
| जुरेल बो रोस्टन चेज | 44 | 79 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 134.2 ओवर में 518/5 रन
**गेंदबाजी :** जेडन सील्स 22-2-88-0, एंडरसन फिलिप 17-2-71-0, जस्टिन ग्रीव्स 14-1-58-0, खैरी पियरे 30-2-120-0, जोमेल वारिकन 34-6-98-3, रोस्टन चेज 17.2-0-83-1

| वेस्टइंडीज पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल का सुदर्शन बो जडेजा | 10 | 25 | 2 | 0 |
| चंद्रपाल का राहुल बो जडेजा | 34 | 67 | 4 | 0 |
| अथांजे का जडेजा बो कुलदीप | 41 | 84 | 5 | 1 |
| शाई होप नाबाद | 31 | 46 | 5 | 0 |
| चेज का एवं बो जडेजा | 00 | 7 | 0 | 0 |
| इमलाच नाबाद | 14 | 31 | 2 | 0 |

अतिरिक्त 10, कुल योग: 43 ओवर में 140/4 रन
**गेंदबाजी :** बुमराह 6-3-18-0, सिराज 4-0-9-0, जडेजा 14-3-37-3, कुलदीप 12-3-45-1, वाशिंगटन 7-1-23-0

आर्टिक ओपन

# 18 साल की अनमोल ने दी विश्व चैंपियन को चुनौती



एजेंसी ▶▶ वंता (फिनलैंड)

■ खरब सेमीफाइनल में यामागुची से हारी

उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब का आर्टिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर शनिवार को सेमीफाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से हार के साथ खत्म हुआ। एशियाई टीम चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही फरीदाबाद की 18 साल की इस खिलाड़ी ने दोनों गेम की शुरुआत में जापान की दिग्गज खिलाड़ी को चुनौती दी लेकिन ज्यादा देर तक लय बरकरार नहीं रख सकी। यामागुची ने 29 मिनट तक चले मैच को आसानी से 21-10, 21-10 से जीता।

### अनमोल का सेमीफाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि

खरब के लिए हालांकि सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अपने अभियान के दौरान वेन ची ह्सू (विश्व रैंकिंग 32) और छठी वरीयता प्राप्त लिन ह्सियांग टी (विश्व नंबर 21) जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को हराने के बाद डेनमार्क की एमिली शुल्ज को 21-15, 21-14 से हराकर अपने पहले सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज जापान की खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-3 की बढ़त के साथ मजबूत शुरुआत की लेकिन खरब ने इस अंतर को 7-6 तक कम किया और फिर ब्रेक तक टक्कर देते हुए स्कोर को 11-9 रखा । यामागुची ने ब्रेक के बाद अगले 11 में ये 10 अंक जीत कर अपना दबदबा कायम किया। यामागुची ने दूसरे गेम में 7-3 की बढ़त के साथ मजबूत शुरुआत की लेकिन खरब ने इस अंतर को 11-9 तक कम किया। खरब 12-14 के स्कोर के साथ मुकाबले में बनी हुई थी लेकिन वह वापसी के लिए ज्यादा जोर लगाने के चक्कर में कई गलतियां कर बैठी और मुकाबला उनके हाथ से निकल गया। खरब इस वर्ष के शुरू में कैमरून इंटरनेशनल में उपविजेता रही थीं। उन्होंने बेल्जियम और पोलैंड में इंटरनेशनल चैलेंजर्स में भी जीत हासिल की थी। वह जापान की इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबले से काफी सबक लेंगी।



### कास्पारोव ने दोहराया इतिहास, दो गेम शेष रहते आनंद को हराया

**सेंट लुई।** गैरी कास्परोव ने क्लच शतरंज लीजेंड्स प्रतियोगिता के 10वें गेम में विश्वनाथन आनंद को हराकर दो गेम शेष रहते मैच जीतकर 30 साल पहले का इतिहास दोहराया। वह 10 अक्टूबर 1995 का दिन था जब आनंद ने न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर कास्पारोव के खिलाफ 20 गेम वाले क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच में 18वें गेम में ड्रॉ खेला और 7.5-10.5 से हार गए। वर्तमान टूर्नामेंट में नियमों के अनुसार अंतिम दो बाजियां ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल के तहत खेली गईं और आनंद ने दो जीत हासिल कीं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और रूस के खिलाड़ी ने पहले ही अपनी जीत पक्की कर दी थी। आखिर में स्कोर 13-11 से कास्पारोव के पक्ष में रहा। उन्होंने इस तरह से 78,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि जीती, जबकि आनंद ने 1,44,000 डॉलर के मुकाबले में 66,000 डॉलर अपने नाम किए।

### जोहोर कपः भारत की शानदार शुरुआत, ब्रिटेन को 3-2 से हराया

**जोहोर बाहरु।** कप्तान रोहित के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन पर 3-2 से जीत के साथ सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोहित (45वें और 52वें मिनट') और रवनीत सिंह (23) ने भारत के लिए गोल किए जबकि माइकल रॉयडेन (26) और कैडेन ड्रेसी (46) ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने अंत तक रोमांचक हॉकी का प्रदर्शन किया लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को 13वें मिनट में दिन का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने यह खतरा टाल दिया।

भारतीय सेना में शामिल हों
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टियां

भारतीय सेना के 10+2 टी ई एस-55 कोर्स (जुलाई 2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन www.joinindianarmy.nic.in पर 14 अक्टूबर 2025 से 13 नवम्बर 2025 तक खुले हैं। टी ई एस-55 कोर्स के लिये JEE Mains 2025 उपस्थिति अनिवार्य है। यह कक्षा 12वीं में पी सी एम (भौतिकी रसायन और गणित) में न्यूनतम 60% अंकों के मापदंड के अतिरिक्त है।

OFFICER ENTRIES

Online applications are invited for 10+2 Technical Entry Scheme (TES-55) course (Jul 2026) of Indian Army. Online applications will open on **www.joinindianarmy.nic.in** from **14 Oct 2025 to 13 Nov 2025.** Appearance in JEE (Mains) 2025 is mandatory for TES-55 Course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (Physics, Chemistry and Mathematics) in Class 12th.

नोट:-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note:-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in

CBC- 10601/11/0058/2526

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

**Authorised Dealers:** **Ambala Cantt:** Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero - 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero - 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero - 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero - 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero - 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero - 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero - 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero - 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero - 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero - 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero - 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero - 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero - 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero - 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero - 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero - 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero - 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero - 9289922877; **Panchkula:** Regent Hero - 9289923161; **Panipat:** Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero - 9289922393; **Rewari:** Virendra Hero - 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero - 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero - 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694.

RS/Hero/09/25